डाक-व्यय की पूर्व अदायगी के बिना डाक द्वारा भेजे जाने के लिए अनुमत. अनुमति-पत्र क्र. रायपुर-सी.जी.

पंजी क्रमांक रायपुर डिवीजन

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 42] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 19 अक्टूबर 2001—आश्विन 27, शक 1923

भाग 3 (1)

विज्ञापन

न्यायालयों की सूचनाएं

न्यायालय, पंजीयक, सार्वजनिक न्यास, रायपुर (छ. ग.)

रायपुर, दिनांक 9 अक्टूबर 2001

क्रमांक क/वाचअ/अविअ/पंजीयक/2001.—चूंकि श्री लोकनाथ वर्मा पिता स्व. बड़कू राम वर्मा, ग्राम खोरसी, पोस्ट आफिस भैसा, व्हाया खरोरा, तहसील आरंग, जिला रायपुर के द्वारा श्री रामचन्द्र जी मंदिर ट्रस्ट समिति, ग्राम खोरसी, तहसील आरंग के नाम से ट्रस्ट पंजीयन करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कियां है.

आवेदक ने म. प्र. पब्लिक ट्रस्ट एक्ट 1951 (1951 के 30) की धारा 4 के अनुसार निम्नलिखित अनुसूची में दर्शायी गई संपत्ति को पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पंजीयन करने हेतु आवेदन-पत्र दिया है. अतएव सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन-पत्र की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 19-11-2001 को होगी.

2. यदि किसी व्यक्ति को ट्रस्ट अथवा संपत्ति में अभिरुचि हो और इस ट्रस्ट के संबंध में कोई आक्षेप करने की इच्छा हो या सुझाव देना हो तो वह इस सूचना के निकालने के एक माह की अवधि में इस न्यायालय में अपने लिखित वक्तव्य की दो प्रतियां प्रस्तुत करें और पेशी के दिन स्वत: या अपने वकील अथवा एजेन्ट के द्वारा उपस्थित होवें. निर्धारित तिथि समाप्त होने पर प्रस्तुत किये गये आरोपों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम व पता व संपत्ति का विवरण)

ट्रस्ट का नाम एवं पता	-	श्री रामचन्द्र जी मंदिर ट्रस्ट समिति, ग्राम खोरसी, विकास खण्ड आरंग, तहसील आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.).
ट्रस्ट की अचल संपत्ति	-	ग्राम खोरसी, प. ह. नं. 42, तहसील आरंग स्थित भूमि ख. नं. 241, 305 एवं 461 रकबा क्रमश: 1.96, 0.08 एवं 0.40 कुल 2.44 हे. अचल संपत्ति ट्रस्ट के नाम पर है.
ट्रस्ट की चल संपत्ति	-	निरंक

रमेश शर्मा,
पंजीयक.

नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2001.